# 17

# SSC GD 2024

## DATE : 24-02-2024

## (SHIFT- 9:00 am to 10:00 am)

### PART (A) : सामान्य बुद्धि एवं तर्कशक्ति

**1.** एक निश्चित कूट भाषा में, 'HEIGHT' को 'FCGDEQ' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'METHOD' को केसे लिखा जाएगा?
(1) KCREMA (2) KCRELA
(3) KCRFMB (4) KCRELB

**2.** एक परिवार के छः सदस्य X, Y, Z, U, V और W एक वृत्ताकार मेज पर एक-दूसरे की ओर मुख करके बैठे हैं। Z, W के ठीक बाईं ओर बैठा है, और Y, Z के बाईं ओर से दूसरे स्थान पर बैठा है। X, U के बाईं ओर से दूसरे स्थान पर बैठा है। W और X दोनों का निकटतम पड़ोसी कौन है?
(1) Z (2) V
(3) Y (4) U

**3.** 'A × B' का अर्थ है 'A, B का पति है'
'A + B' का अर्थ है' A, B का भाई है'
'A ÷ B' का अर्थ है 'A, B की बहन है
'A – B' का अर्थ है 'A, B की पत्नी है'
व्यंजक 'X + Y ÷ Z – A' में X का A से क्या संबंध है?
(1) पत्नी का भाई
(2) बेटा
(3) भाई
(4) बहन का पति


**4.** दिए गए शब्दों को उसी क्रम में व्यवस्थित कीजिए, जिस क्रम में वे अंग्रेजी शब्दकोश में आते हैं।
1. Lens
2. Lenient
3. Length
4. Lend
5. Lent
(1) 4, 3, 2, 1, 5
(2) 3, 4, 2, 5, 1
(3) 3, 4, 5, 2, 1
(4) 4, 3, 2, 5, 1



**5.** दिए गए विकल्पों में से निम्नलिखित श्रृंखला से लुप्त संख्या का चयन कीजिए।
1, 3, 7, 13, ?, 31
(1) 21 (2) 24 (3) 29 (4) 20

**6.** एक निश्चित कूट भाषा में, 'RING' को 'UMQK' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'SAFE' को कैसे लिखा जाता है?
(1) VEII (2) VFIT
(3) VEJJ (4) VEI

**7.** पांच मित्र P, B, C, G और A एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। H, C के ठीक दाईं ओर बैठा है। B, H के बाईं ओर से तीसरे स्थान पर बैठा है। P, C का निकटतम पड़ोसी नहीं है। P के ठीक बाईं ओर कौन बैठा है?
(1) G (2) B
(3) H (4) C



**8.** दी गई आकृति के उस सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन कीजिए, जो दर्पण MN को उस आकृति के दाईं ओर रखने पर बनेगा?




(1)  (2) 
(3)  (4) 


**9.** दी गई विकल्प आकृतियों में से, उस आकृति का चयन कीजिए जिसमें प्रश्न में दी गई आकृति छिपी हुई/निहित है। (घूर्णन की अनुमति नहीं है



(1)  (2) 
(3)  (4) 


**10.** निम्न में से कौन-सी उत्तर आकृति प्रश्न आकृति के पैटर्न को पूरा करेगी? (घूर्णन की अनुमति नहीं है?







(1)  (2) 
(3)  (4) 

**11.** निम्नलिखित विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो तीसरे शब्द से ठीक उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।
जासूस : सुराग :: वैज्ञानिक : ?
(1) गीत (2) प्रयोग
(3) चित्र (4) नृत्य

**12.** निम्नलिखित प्रश्न में, विकल्पों में दी गई उस आकृति का चयन कीजिए जिसे प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर रखा जा सकता है?



(1)  (2) 
(3)  (4) 

**13.** यदि 10 A 5 B 6 C 2 = 53 और 6 A 4 B 8 C 2 = 28 है, तो 17 A 5 B 18 C 9 = ?
(1) 95 (2) 91
(3) 90 (4) 87

**14.** नीचे एक श्रृंखला दी गई है जिसमें एक पद लुप्त है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो श्रृंखला को पूरा करेगा।
OP, ON, MN, ML, ?
(1) KL (2) KM
(3) KQ (4) KR

**15.** निम्नलिखित प्रश्न में कुछ कथन और उन कथनों के आधार पर कुछ निष्कर्ष दिए गए हैं। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, चाहे वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। सभी निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और निश्चय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है।

कथन:

I. कोई A, B नहीं है।

II. कुछ B, P हैं।

निष्कर्ष:

I. कुछ B, A नहीं हैं।

II. कुछ P, A नहीं है।

(1) केवल निष्कर्ष II कथनों का अनुसरण करता है

(2) केवल निष्कर्ष I कथनों का अनुसरण करता है

(3) निष्कर्ष I और II दोनों कथनों का अनुसरण अनुसरण करते हैं

(4) कोई भी निष्कर्ष कथनों का अनुसरण नहीं करता है

**16.** नीचे दी गई दो संख्याओं (न कि अंकों) को आपस में बदलने से निम्नलिखित में से कौन-सा समीकरण सही नहीं होगा?

7 और 3


(1) $7 \times 8 - 9 + 3 \div 1 = 30$


(2) $9 \times 7 + 3 - 4 \div 2 = 32$


(3) $7 + 3 \times 8 - 8 \div 2 = 55$


(4) $8 \div 2 + 9 \times 3 - 7 = 64$


**17.** दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए जिसे दी गई आकृति श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (2) के स्थान पर रखा जा सकता है?




(1) 

(2) 

(3) 

(4) 

**18.** निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए विकल्पों में से संबंधित अक्षरों का चयन कीजिए।

CPO : ANM :: JWX : ?

(1) HUV (2) LER

(3) RAA (4) YKA

**19.** निम्नलिखित विकल्पों में से दी गई श्रृंखला से लुप्त संख्या का चयन कीजिए।

50, 52, 56, 64, 80, ?

(1) 130 (2) 112

(3) 120 (4) 115

**20.** निम्नलिखित अक्षर समूहों में से अक्षरों का कौन-सा समूह क्रमबद्ध रूप से बाईं से दाईं ओर रखे जाने पर नीचे दी गई श्रृंखला को पूरा करेगा?

aaaa _ bbbbbaaaa _ bbbbb _ aa _ abbbbbaaaaabbbbb

(1) bbaa (2) bbbb

(3) aba (4) aaaa

## PART (B) : सामान्य जागरूकता

**21.** 2011 की साक्षारता दर जनगणना के अनुसार भारत में पुरुषों की साक्षरता दर कितनी है?

(1) 74.04% (2) 65.46%

(3) 82.14% (4) 39.3%

**22.** निम्नलिखित में से किस गायक ने संबलपुरी लोक गीत 'रंगबती रंगबती' को लोकप्रिय बनाया?

(1) जोनिता गांधी (2) कृष्णा पटेल

(3) वाणी जयराम (4) सुनिधि चौहान

**23.** 77वां स्वतंत्रता दिवस किस वर्ष मनाया गया?

(1) 2020 (2) 2021

(3) 2023 (4) 2022

**24.** निम्नलिखित में से किस कलाकार ने सरायकेला के छऊ नृत्य में योगदान के लिए संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार जीता है?

(1) नरेंद्र सिंह नेगी

(2) दीवान सिंह बजेली

(3) जतिन गोस्वामी

(4) तपन कुमार पटनायक

**25.** शास्त्रीय नृत्य में, निम्नलिखित में से कौन-सा रस ''क्रोध'' को दर्शाता है?

(1) रौद्र (2) शांत

(3) हास्य (4) वीर

**26.** आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान, भारत 1 जनवरी _____ को विश्व व्यापार संगठन का सदस्य बन गया।

(1) 1995 (2) 1948

(3) 1998 (4) 1978

**27.** किसी पदार्थ का _____ वह तापमान और दाब होता है जिस पर उस पदार्थ के तीन चरण (गैस, द्रव और ठोस) ऊष्मागतिकीय साम्य में एक साथ रह सकते हैं।

(1) त्रि-अवस्थी (2) द्विधागति

(3) अपररूप (4) त्रिक बिंदु

**28.** भारत सरकार द्वारा आयोजित सामाजिक-आर्थिक और जातिगत जनगणना (Socio-Economic and Caste Census-SECC) 2011 ने परिवारों को कितनी श्रेणियों में स्थान दिया?

(1) छः (2) पांच (3) तीन (4) चार

**29.** जब एक शटल को हवा में ऊंचा उड़ाया जाता है, तब खिलाड़ी के पास सीधे विरोधी कोर्ट के फर्श पर एक शक्तिशाली ओवरहेड शॉट (overhand shot) लगाने का समय होता है। इसे _____ के नाम से जाना जाता है।

(1) स्मैश (2) शॉर्ट सर्विस

(3) लॉन्ग सर्विस (4) रैली

**30.** ओलंपिक खेलों में पूल तैराकी आठ लेन में विभाजित _____ मीटर लंबे स्विमिंग पूल के अंदर होती है।

(1) 25 (2) 100 (3) 75 (4) 50

**31.** भारतीय संविधान में राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों का मुख्य उद्देश्य _____ हासिल करना है।

(1) राजनीतिक स्थिरता

(2) आर्थिक असमानता

(3) सामाजिक एवं आर्थिक न्याय

(4) धार्मिक सद्भाव

**32.** हरित क्रांति से संबंधित निम्नलिखित कथनों को पढ़िए।

A. हरित क्रांति (Green Revolution), 1960 के दशक में नॉर्मन बोरलॉग द्वारा प्रारंभ किया गया एक प्रयत्न था।

B. उन्हें विश्व में हरित क्रांति के जनक के रूप में जाना जाता है।

सही कथन/कथनों को पहचानिए।

(1) केवल A

(2) केवल B

(3) A और B दोनों

(4) न तो A और न ही B

**33.** सितंबर 2023 में, एक वर्ष के कार्यकाल के लिए प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया के निदेशक मंडल (Press Trust of India's Board of Directors) के अध्यक्ष के रूप में किसे चुना गया है?

(1) एम. वी. श्रेयम्स कुमार

(2) महेंद्र मोहन गुप्ता

(3) के.एन. शांत कुमार

(4) होर्मुसजी एन. कामा

**34.** 'राज्य की लोक सेवाओं में न्यायपालिका को कार्यपालिका से पृथक् करने के लिए राज्य कदम उठाएगा।' इसका उल्लेख भारत के संविधान के _____ के अंतर्गत किया गया है।

(1) भाग V (2) भाग IV

(3) भाग IVA (4) भाग III

**35.** सितंबर 2023 से, मास्टरकार्ड इंडिया (Master Card India) के अध्यक्ष के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?

(1) नरेंद्र सिंह (2) एस.ए. पांसे

(3) रजनीश कुमार (4) संजीव मिश्र

**36.** राजस्व व्यय के संबंध में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए।

A. राजस्व व्यय केंद्र सरकार की भौतिक या वित्तीय संपत्तियों के निर्माण के अलावा अन्य उद्देश्यों के लिए किया गया व्यय है।

B. यह सरकारी विभागों और विभिन्न सेवाओं के सामान्य कामकाज, सरकार द्वारा लिए गए ऋण पर ब्याज भुगतान और राज्य सरकारों और अन्य पार्टियों को दिए गए अनुदानों के लिए किए गए खर्चों से संबंधित है (हालांकि कुछ अनुदान परिसंपत्तियों के निर्माण के लिए हो सकते हैं)।

गलत कथन/कथनों की पहचान कीजिए।
(1) केवल B
(2) A और B दोनों
(3) न तो A और न ही B
(4) केवल A

**37.** समाज सुधारक राजा राम मोहन राय भारत में किस सामाजिक-धार्मिक सुधार आंदोलन से संबंधित हैं?
(1) आर्य समाज
(2) वामीनारायण आंदोलन
(3) ब्रह्म समाज
(4) थियोसोफिकल सोसायटी

**38.** 'धम्म' शब्द एक प्राकृत शब्द है, जिसका संबंध प्राचीन भारत के निम्नलिखित में से किस शासक से है?
(1) अशोक
(2) रुद्रदामन
(3) राजा राज चोल प्रथम
(4) चंद्रगुप्त द्वितीय

**39.** निम्नलिखित में से किसने राष्ट्रीय खेल 2023 में सर्वाधिक स्वर्ण पदक जीते?
(1) मध्यप्रदेश (2) हरियाणा
(3) सर्विसेस (4) महाराष्ट्र

**40.** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 31 अक्टूबर 2023 को राष्ट्रीय _____ दिवस पर कर्तव्य पथ पर, देश के युवाओं के लिए 'मेरा युवा भारत (एमवाई भारत)' प्लेटफार्म लॉन्च किया।
(1) खेल (2) एकता
(3) स्वास्थ्य (4) युवा

## PART (C) : प्रारंभिक गणित

**41.** एक अर्धगोले की त्रिज्या 3.5 सेमी है। इसका आयतन कितना होगा?
(1) 89.83 सेमी (2) 62.38 सेमी
(3) 98.89 सेमी (4) 79.24 सेमी

**42.** एक व्यक्ति एक वस्तु खरीदता है और उसे 10 प्रतिशत की हानि पर बेच देता है। यदि वह उस वस्तु को 30 प्रतिशत कम मूल्य पर खरीदता है और उसे 20 रुपए अधिक मूल्य पर बेचता है, तो वह 40 प्रतिशत लाभ अर्जित करता है। वस्तु का क्रय मूल्य कितना है?
(1) 350 रुपए (2) 300 रुपए
(3) 200 रुपए (4) 250 रुपए

**43.** दो अभाज्य संख्याओं x और y, $(x < y)$ का लघुत्तम समापवर्त्य 141 है। तो $(y – 5x)$ का मान कितना है?
(1) 32 (2) 40 (3) 38 (4) 30

**44.** 2200 रुपए पर 1.5 वर्ष के लिए प्राप्त चक्रवृद्धि ब्याज (अर्धवार्षिक रूप से संयोजित) 3836.8 रुपए है। वार्षिक ब्याज की दर कितनी है?
(1) 75 प्रतिशत (2) 80 प्रतिशत
(3) 60 प्रतिशत (4) 65 प्रतिशत

**45.** अमन कार से 80 किमी/घंटा की चाल से अपने कार्यालय जाता है और 10 मिनट पहले पहुंचता है। यदि वह 30 किमी/घंटा की चाल से जाता है, तो वह 10 मिनट देरी से पहुंचता है। समय पर कार्यालय पहुंचने के लिए कार की चाल कितनी होनी चाहिए?
(1) 450/7 किमी/घंटा
(2) 240/6 किमी/घंटा
(3) 480/13 किमी/घंटा
(4) 480/11 किमी/घंटा

**46.** अनिल और करण मिलकर एक काम को 20 दिनों में पूरा कर सकते हैं। करण और हिमांशु मिलकर उसी काम को 25 दिनों में पूरा कर सकते हैं। हिमांशु और अनिल मिलकर उसी काम को 50 दिनों में पूरा कर सकते हैं। हिमांशु को अकेले उसी काम को पूरा करने में कितने दिनों का समय लगेगा?
(1) 200 दिन (2) 250 दिन
(3) 180 दिन (4) 240 दिन

**47.** एक निश्चित धनराशि पर 8 वर्ष और 9 वर्ष के लिए, 11 प्रतिशत की वार्षिक दर से साधारण ब्याज के बीच का अंतर 132 रुपए है। वह धनराशि कितनी है?
(1) 1200 रुपए (2) 1450 रुपए
(3) 1300 रुपए (4) 1100 रुपए

**48.** किसी हीरे की कीमत उसके भार के वर्ग के अनुक्रमानुपाती है। हीरे की कीमत 87880 रुपए है। यह दो टुकड़ों में टूट गया जिनका भार 5:8 के अनुपात में है। हीरे के टूटने से कितने की हानि हुई?
(1) 36400 रुपए (2) 52600 रुपए
(3) 32600 रुपए (4) 41600 रुप

**49.** एक वस्तु 30 प्रतिशत और 10 प्रतिशत की दो क्रमिक छूट के बाद 4964 रुपए में बेची जाती है। वस्तु का अंकित मूल्य कितना है?
(1) 7879.36 रुपए (2) 7200.47 रुपए
(3) 7120.46 रुपए (4) 6600 रुपए

**50.** निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या 4 से विभाज्य है?
(1) 2342 (2) 1734
(3) 1570 (4) 4348

**51.** 84, 126 और 168 का महत्तम समपवर्तक ज्ञात कीजिए।
(1) 49 (2) 40
(3) 42 (4) 44

**52.** 20 लड़कों के एक समूह की औसत आयु 25 वर्ष है। 15 वर्ष की आयु वाला एक लड़का समूह छोड़ देता है। एक नया लड़का समूह में शामिल होता है और समूह की औसत आयु 2 वर्ष बढ़ जाती है। नए लड़के की आयु कितनी है?
(1) 55 वर्ष (2) 52 वर्ष
(3) 50 वर्ष (4) 57 वर्ष

**53.** 40 विद्यार्थियों की एक कक्षा में 30 लड़कियां हैं। कक्षा में लड़कों का प्रतिशत कितना है?
(1) 13% (2) 24%
(3) 18% (4) 25%

**54.** एक साइकिल का अंकित मूल्य 2700 रुपए है। यदि इस पर 10 प्रतिशत की छूट दी जाती है, तो साइकिल का विक्रय मूल्य कितना होगा?
(1) 2430 रुपए (2) 2500 रुपए
(3) 2400 रुपए (4) 2560 रुपए

**55.** कार का मूल्य 50 प्रतिशत की वार्षिक दर से घटता है। यदि इसका वर्तमान मूल्य 75000 रुपए है, तो 3 वर्ष पहले इसका मूल्य क्या था?
(1) 300000 रुपए (2) 750000 रुपए
(3) 450000 रुपए (4) 600000 रुपए

**56.** एक वस्तु 4400 रुपए में, 20 प्रतिशत की हानि पर बेची जाती है। वस्तु का क्रय मूल्य कितना है?
(1) 6200 रुपए
(2) 5200 रुपए
(3) 5500 रुपए
(4) 5000 रुपए

**57.** $404 \div 2 - 1008 \div 4 + 5 \times 5$ का मान कितना है?
(1) –18 (2) –22
(3) –15 (4) –25

**58.** T अकेले एक काम को 90 दिनों में पूरा कर सकता है। उसी काम का 20 प्रतिशत भाग कितने दिनों में पूरा करेगा?
(1) 18 दिन (2) 20 दिन
(3) 21 दिन (4) 7 दिन

**59.** 22 पुरुषों के एक समूह में, दो पुरुष, जिनकी औसत आयु 58 वर्ष है, के स्थान पर दो नए पुरुष आ जाते है। यदि समूह की औसत आयु 2 वर्ष कम हो जाती है, तो दो नए पुरुषों की औसत आयु कितनी है?

(1) 32 वर्ष (2) 35 वर्ष
(3) 36 वर्ष (4) 37 वर्ष

**60.** 9900 रुपए को X, Y और Z के बीच क्रमश: 7: 12: 14 के अनुपात में बांटा जाता है। Y का हिस्सा कितना है?

(1) 4200 रुपए (2) 3600 रुपए
(3) 900 रुपए (4) 2100 रुपए

## PART (D) : अंग्रेजी

**61.** Select the sentence with no spelling errors.

(1) I have spent a good bit of my career arguing for the virtues of soletude.
(2) I have spent a good bit of my career arguing for the virtues of solitude.
(3) I have spent a good bit of my carier arguing for the virtus of solitude.
(4) I have spent a good bit of my career argueing for the virtues of solitude.

**62.** Improve the underlined part of the sentence. Choose No improvement as an answer if the sentence is grammatically correct.

We have to face <u>frequently flood</u> and droughts.

(1) frequently floods
(2) No improvement
(3) frequent floods
(4) frequenter flood

**63.** Improve the underlined part of the sentence. Choose 'No improvement' as an answer if the sentence is grammatically correct.

If the <u>rained continues</u>, the river might flood.

(1) rain continues
(2) rains continues
(3) No improvement
(4) rain were continues

**64.** In the following question, out of the given four alternatives, select the alternative which best expresses the meaning of the Idiom/Phrase.

To sit at someone's feet

(1) To be proud of someone
(2) To attend upon as someone's disciple
(3) To wash someone's feet
(4) To be someone's equal

**65.** Choose the idiom/phrase that can substitute the highlighted group of words meaningfully.

Everyone around me has **ignored** my plea.

(1) Twist my arm
(2) Turn a deaf ear
(3) Let the cat out of the bag
(4) Spill the beans

**66.** Select the most appropriate option for the given blank.

Some people are ____ trouble in our neighbourhood.

(1) pouring (2) baking
(3) sinking (4) causing

**67.** Choose the most appropriate antonym of the underlined word.

Zakir is a fearless and **<u>impetuous</u>** fighter, a former Guantanamo prisoner who earned a reputation for brutality on the battlefield.

(1) eager (2) restive
(3) cautious (4) fierce

**68.** Find the part of the given sentence that has an error in it. If there is no error, choose 'No error'.

Rashi solved the problem in just 2 minutes; no doubt, she is the smarter of all.

(1) No error
(2) Rashi solved the problem in
(3) she is the smarter of all
(4) just 2 minutes; no doubt

**69.** Select the word segment that substitutes (replaces) the bracketed word segment correctly and completes the sentence meaningfully. Select the option 'no correction required' if the sentence is correct as given.

(Even though rebel chieftains of the) Marathas and Sikhs recognised the Mughal emperor as the supreme authority.

(1) Included rebel chieftains of that
(2) No correction required
(3) Also rebel chieftains of those
(4) Even rebel chieftains of the

**70.** Choose the word that means the same as the given word.

Followed

(1) Obeyed
(2) Claimed
(3) Transgressed
(4) Disobliged

**71.** Find the part of the given sentence that has an error in it. If there is no error, choose 'No error'.. Kids are always watching what you do and ignore what you says.

(1) Kids are always watching
(2) No error
(3) what you do and ignore
(4) what you says.

**72.** Select the most appropriate option for the given blank.

She _____ for hours while the train rolled on.

(1) has slumbered
(2) slumbers
(3) slumbered
(4) had slumber

**73.** Find the part of the given sentence that has an error in it. If there is no error, choose 'No error'. Neither of her cousins is readily to try their luck in this game.

(1) luck in this game.
(2) No error
(3) Neither of her cousins is
(4) readily to try their

**74.** Select the incorrectly spelt word from the given sentence.

A tool designed for an innocuous purpose can be easily used for the same function but with a far different aplication in mind.

(1) Designed
(2) Aplication
(3) Function
(4) Innocuous

**75.** Select the most appropriate option for the given blank

My brother has ____ missing.

(1) gone (2) moved
(3) set (4) done

**Direction (Q.Nos. 76-80) :** Read the passage carefully and select the correct answer for the given blanks out of the four alternatives.

The two, Sudama and Krishna, were (1) ____ . To date, their oneness is an example of true friendship ahead of the planet. This is often the rationale why they are remembered (2) ____ the auspicious day of Friendship.
Even after losing touch for several years after finishing their studies together, they did not (3) ____ the hope of meeting again. Sudama always had lord Krishna in his heart and soul and kept (4) ____ of him until they met again.
The entire incident when Sudama met Krishna after numerous years is so (5) ____ and unforgettable.

**76.** Select the most appropriate option for blank (1)
(1) inseparable
(2) inked
(3) insignificant
(4) irrevocable

**77.** Select the most appropriate option for blank(2)
(1) over (2) On
(3) in (4) at

**78.** Select the most appropriate option for blank (3)
(1) left (2) leaving
(3) leaves (4) leave

**79.** Select the most appropriate option for blank (4)
(1) waiting (2) inspecting
(3) thinking (4) sinking

**80.** Select the most appropriate option for blank (5)
(1) collective (2) touching
(3) tormenting (4) gruelling

## PART (D) : हिन्दी

**61.** दिए गए वाक्य में से गलत वर्तनी ज्ञात कीजिए।
उपय्रुक्त सभी बातें पढ़कर ही हस्ताक्षर करें।
(1) उपय्रुक्त (2) बातें
(3) हस्ताक्षर (4) पढ़कर

**62.** दिए गए विकल्पों में से सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।
(1) बिस्तर (2) रदवाजा
(3) कजोर (4) बीचा

**63.** निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।
मजा किरकिरा होना
(1) आनन्द में विघ्न पड़ना
(2) मन की न होना
(3) अचानक गुस्सा आना
(4) अपनी बुराई सुनना

**64.** दिए गए वाक्य में उचित पर्यायवाची शब्द का चयन करके रिक्त स्थान की पूर्ति करें।
युद्ध के बाद पूरे कौरव ___ (वंश) का नाश हो गया।
(1) कुल (2) लोग
(3) धरती (4) आकाश

**65.** दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्दों के लिए सही शब्दों वाले विकल्प का चयन करें।
आपके प्रश्न <u>का समाधान</u> मेरे पास है।
(1) आपके प्रश्न का उत्तर मेरे पास है।
(2) आपके प्रश्न का प्रयास मेरे पास है।
(3) परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।
(4) आपके प्रश्न का प्रयत्न मेरे पास है।

**66.** निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित भाग के लिए एक सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।
वह <u>अचानक ही</u> घर आ गये।
(1) अतिवृष्टि (2) शीघ्रता
(3) आकस्मिक (4) तुरंत

**67.** दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का तत्सम शब्द जात कीजिए।
जल्दी चलो! <u>अंधेरा</u> छाने लगा है।
(1) अंधकार (2) रोशनी
(3) रात (4) प्रकाश

**68.** दिए गए बाक्य में रेखांकित शब्द का विलोम शब्द ज्ञात कीजिए।
यह पहाड़ कितना <u>विशालकाय</u> है।
(1) बड़ा (2) विपद
(3) शासित (4) लघुकाय

**69.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस सही विकल्प का चयन करें जो वाक्यांशों के लिए एक शब्द का विकल्प हो।
जो त्यागने योग्य हो
(1) दत्तक (2) त्याज्य
(3) दुस्तर (4) टकसा

**70.** दिए गए शब्द का विलोम शब्द ज्ञात कीजिए।
तानाशाह
(1) शहनशाह
(2) बादशाह
(3) राजा
(4) लोकशाह

**71.** दिए गए वाक्य में से गलत वर्तनी ज्ञात कीजिए।
निसंदेह शरण एक योग्य वर है।
(1) निसंदेह (2) शरण
(3) वर (4) योग्य

**72.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस बिकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के पर्यायवाची शब्द का सही विकल्प है।
बाजार में हुई दुर्घटना के कारण सब तरफ (आतंक) _____ मच गया।
(1) फरमान (2) कोलाहल
(3) पाखंड (4) अवरोध

**73.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही भाववाचक संज्ञा बाला विकल्प हो।
अब मैं कहीं नहीं जा सकता, मैं _____ से चूर हो चुका हूँ।
(1) नाचना (2) थकाना
(3) थकावट (4) लिख

**74.** दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमें कोई त्रुटि है।
स्वामी दयानंद का देश आभारी रहेगा क्योंकि उन्होंने देश के लिए बहुत कुछ किया है।
(1) उन्होंने देश के लिए
(2) स्वामी दयानंद का देश
(3) बहुत कुछ किया है।
(4) आभारी रहेगा क्योंकि

**75.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे का सही अर्थ वाला विकल्प है।
हुक्का भरना
(1) श्नौकरी करना
(2) दिखावा करना
(3) सेवा करना
(4) उधार चुकता करना

**निर्देश ( प्र.सं. 76-80 ) :** नीचे दिए गये गद्यांश में कुछ शब्द छोड़ दिये गए हैं, प्रत्येक अनुच्छेद के सामने चार विकल्प दिए गए हैं। इस गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़े और चार विकल्पों में से सर्वोत्तम उत्तर वाला विकल्प चुनें।

दुर्गा पूजा _____ का सबसे पवित्र त्योहार है। कलकत्ता में दुर्गा पूजा का आयोजन नौ दिनों तक भव्य रूप से होता है। हालांकि दुर्गा पूजा का पर्व भारत के समस्त स्थानों पर भव्य रूप से मनाया जाता है लेकिन _____ में इस उत्साह को कुछ विशेष तौर पर मनाया जाता है। यह त्योहार 10 दिनों तक मनाया जाता है। कलकत्ता में इस पर्व के छठे दिन से नवें दिन तक मूर्तियों के पंडाल आगंतुकों के लिए खुले रहते हैं। यहां दसवे दिन

दशमी मनाई जाती है तथा इसी दिन देवी की मूर्ति को पानी में _____ किया जाता है। दुर्गा पूजा भारत का एक विशेष पर्व है। पश्चिम बंगाल में मनाई जाने वाली दुर्गा पूजा पूरे भारत में प्रसिद्ध है। यहां मुख्य रूप से राज्य की राजधानी कलकत्ता में, सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देश के सबसे बड़े ओर सबसे भव्य में से एक माना जाता है। हर साल यह पर्व बहुत ही मस्ती और _____ के साथ मनाया जाता है। हर वर्ष कलकत्ता की कलाकृति को देखने के लिए लोग दुनिया भर से यहां आते हैं। हर साल, पंडाल के आयोजक अपने सभी संसाधनों को इकट्ठा करके पंडाल की शोभा बढ़ाने के लिए एक नई योजना को तैयार करते हैं। कलकत्ता की दुर्गा पूजा पंडालों में वर्षो से राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक विषयों को भी _____ किया गया है।

**76.** दुर्गा पूजा _____ का सबसे पवित्र त्योहार है।
(1) कुछ लोगों
(2) बड़ों
(3) सबका
(4) हिंदुओं

**77.** हालांकि दुर्गा पूजा का पर्व भारत के समस्त स्थानों पर भव्य रूप से मनाया जाता है लेकिन _____ में इस उत्साह को कुछ विशेष तौर पर मनाया जाता है।
(1) मुंबई (2) कलकत्ता
(3) बनारस (4) दिल्ली

**78.** यहां दसवे दिन दशमी मनाई जाती है तथा इसी दिन देवी की मूर्ति को पानी में _____ किया जाता है।
(1) अवतरित
(2) उत्पन्न
(3) विसर्जित
(4) स्थापित

**79.** हर साल यह पर्व बहुत ही मस्ती और _____ के साथ मनाया जाता है।
(1) झगड़े (2) पटाखों
(3) उत्साह (4) शोर

**80.** कलकत्ता की दुर्गा पूजा पंडालों में वर्षो से राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक विषयों को _____ भी किया गया है।
(1) विस्तृत (2) अनदेखा
(3) चित्रित (4) कल्पनाती

## उत्तरमाला

### PART (A) : सामान्य बुद्धि एवं तर्कशक्ति

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (2) | 2. (2) | 3. (1) | 4. (1) | 5. (1) | 6. (1) | 7. (3) | 8. (2) | 9. (3) | 10. (3) |
| 11. (2) | 12. (3) | 13. (4) | 14. (1) | 15. (2) | 16. (1) | 17. (4) | 18. (1) | 19. (2) | 20. (4) |

### PART (B) : सामान्य जागरूकता

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 21. (3) | 22. (2) | 23. (3) | 24. (4) | 25. (1) | 26. (1) | 27. (4) | 28. (3) | 29. (1) | 30. (4) |
| 31. (3) | 32. (3) | 33. (3) | 34. (2) | 35. (3) | 36. (3) | 37. (3) | 38. (1) | 39. (4) | 40. (2) |

### PART (C) : प्रारंभिक गणित

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 41. (1) | 42. (4) | 43. (1) | 44. (2) | 45. (4) | 46. (1) | 47. (1) | 48. (1) | 49. (1) | 50. (4) |
| 51. (3) | 52. (1) | 53. (4) | 54. (1) | 55. (4) | 56. (3) | 57 (4) | 58. (1) | 59. (3) | 60. (2) |

### PART (D) : अंग्रेजी

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 61. (2) | 62. (3) | 63. (1) | 64. (2) | 65. (2) | 66. (4) | 67. (3) | 68. (3) | 69. (4) | 70. (1) |
| 71. (4) | 72. (3) | 73. (4) | 74. (2) | 75. (1) | 76. (1) | 77. (2) | 78. (4) | 79. (3) | 80. (2) |

### PART (D) : हिन्दी

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 61. (1) | 62. (1) | 63. (1) | 64. (1) | 65. (1) | 66. (3) | 67. (1) | 68. (4) | 69. (2) | 70. (4) |
| 71. (1) | 72. (2) | 73. (3) | 74. (2) | 75. (3) | 76. (4) | 77. (2) | 78. (3) | 79. (3) | 80. (3) |

## उत्तर सहित व्याख्या


### PART (A) : सामान्य बुद्धि एवं तर्कशक्ति

**1. (2)** H E I G H T
−2 −2 −2 −3 −3 −3
F C G D E Q

इसी प्रकार

M E T H O D
−2 −2 −2 −3 −3 −3
K C R E L A

**2. (2)**




W और X दोनों का निकटतम पड़ोसी V है।

**3. (1)** $X^+ — Y^- — Z^- \Leftrightarrow A^+$

पत्नी का भाई (साला)

**4. (1)**

**5. (1)** 1, 3, 7, 13, **21**, 31


2 4 6 8 10

2 2 2 2

**6. (1)** R I N G इसी प्रकार
+3 +4 +3 +4
U M Q K

S A F E
+3 +4 +3 +4
V E I I

**7. (3)**




P के ठीक बाई ओर H बैठा है।

**8. (2)**

**9. (3)**

**10. (3)**

**11. (2)**

**12. (3)**

**13. (4)** $A = \times$, $B = +$, $C = \div$ } लेने पर

10 A 5 B 6 C 2 = 53

$10 \times 5 + 6 \div 2 = 53$

$50 + 3 = 53$

$53 = 53$

---

6 A 4 B 8 C 2 = 28

$6 \times 4 + 8 \div 2 = 28$

$24 + 4 = 28$

$28 = 28$

---

17 A 5 B 18 C 9 = **87**

$17 \times 5 + 18 \div 9 = 87$


$85 + 2 = 87$

$87 = 87$

**14. (1)** OP ON MN ML **KL**

+1 −1 +1 −1 +1

**15. (2)**




**16. (1)** विकल्प की सहायता से

$7 \times 8 - 9 + 3 \div 1 = 30$

7 और 3 को आपस में बदलने पर

$3 \times 8 - 9 + 7 \div 1 = 30$

$24 - 9 + 7 = 30$

$22 \neq 30$

**17. (4)**

**18. (1)** C P O इसी प्रकार

−2↓ −2↓ −2↓

A N M

J W X

−2↓ −2↓ −2↓

H U V

**19. (2)** 50, 52, 56, 64, 80, **112**

+2 +4 +8 +16 +32

×2 ×2 ×2 ×2

**20. (4)** a a a a **a** b b b b b a a a a **a** b b b b b **a** a a a **a** a b b b b b a a a a a b b b b b

## PART (B) : सामान्य जागरूकता

**21. (3)** 2011 जनगणना के अनुसार भारत की साक्षरता दर 74.04% है, जबकि महिलाओं की साक्षरता दर 64.63% और पुरूषों की साक्षरता दर 82.14% हैं।

**22. (2)**

| **गायक** | **प्रसिद्ध गाने** |
|---|---|
| जोनिता गांधी – | जिया मार के तुम मिले |
| कृष्णा पटेल – | तेरी ये याद, चुरा लूँगा |
| वाणी जयराम – | हमको मन की शक्ति देना, मेरे तो गिरधर गोपाल |
| सुनिधि चौहान– | गुन गुन गुना, हलकट जवानी |

**23. (3)**

**24. (4)**

**25. (1)** शास्त्रीय नृत्य 'रौद्र' क्रोध को दर्शाता है। शान्त उसके स्थिरता को, हास्य, नटखट स्वभाव और 'वीर' रस उसके शक्ति को दर्शाता है।

**26. (1)** भारत 1 जनवरी, 1995 को विश्व संगठन का सदस्य बना। यह सदस्यता 1994 में उरुग्वे दौर के वार्ताओं के समापन के बाद मिली।

**27. (4)**

**28. (3)**

**29. (1)**

**30. (4)**

**31. (3)** भारतीय संविधान में राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों का मुख्य उद्देश्य सामाजिक एवं आर्थिक न्याय स्थापित करना है। अनुच्छेद 36 से 51 तक नीति निदेशक तत्वों का वर्णन किया गया है।

**32. (3)**

**33. (3)**

| **नाम** | **अध्यक्ष** |
|---|---|
| एम.वी.श्रयेगन कुमार – | मरूभूमि के प्रबंध निदेशक |
| महेन्द्र मोहन गुप्ता – | दैनिक जागरण के प्रबंध निदेशक व संस्थापक |
| के.एन.शान्त कुमार – | पूर्व प्रेस ट्रस्ट ऑफ इण्डिया अध्यक्ष |
| होर्मसुजी एन कामा – | मुम्बई समाचार के प्रबंध निदेशक |

**34. (2)** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 50 और भाग IV में राज्य की लोकसेवाओं में न्यायपलिका को कार्यपालिका से पृथक करने के लिए राज्य कदम उठाएगा।

**35. (3)**

**36. (3)**

**37. (3)** **आर्य समाज–** आर्य समाज की स्थापना 1875 ई. में दयानन्द सरस्वती ने किया था।

स्वामीनारायण आन्दोलन– इस आन्दोलन की शुरुआत स्वामीनारायण अर्थात् सहजानन्द स्वामी द्वारा की गई थी। इनका जन्म 3 अप्रैल 1781 को घनश्याम पांडे के रूप में हुई थी।

ब्रह्म समाज– इसकी स्थापना 1828 में राजामोहन राय द्वारा की गई थी।

थियोसोफिकल सोसाइटी– इसकी स्थापना 17 नवंबर 1875 को न्यूयार्क शहर में हेलेना ब्लावत्स्की, हेनरी स्टील ओल्कोट और अन्य द्वारा की गई थी। इसका उद्देश्य वैश्विक मातृत्व भाव को बढ़ाना था। वर्तमान में इसका मुख्यालय अडयार चेन्नई में हैं।

**38. (1)** धम्म पाली भाषा का शब्द है, जिसका अर्थ धर्म होता है। यह शब्द विशेष रूप से अशोक के शासनकाल में अधिक प्रसिद्ध हुआ।

**39. (4)**

| **राज्य** | **पदक** |
|---|---|
| मध्य प्रदेश – | 112 |
| हरियाणा – | 192 |
| महाराष्ट्र – | 228 |
| सर्विसेज – | 126 |

**40. (2)**

## PART (C) : प्रारंभिक गणित

**41. (1)** अर्द्धगोले का आयतन = $\frac{2}{3}\pi r^3$

$= \frac{2}{3} \times \frac{22}{7} \times \frac{35}{10} \times \frac{35}{10} \times \frac{35}{10}$

$= \frac{77 \times 35}{3 \times 10}$

= 89.83 सेमी$^3$

**42. (4)** $100 \xrightarrow{-10\%} 90$

$100 \xrightarrow{-30\%} 70 \xrightarrow{+40\%} 98$

$98 \rightarrow 8 \xrightarrow{\times \frac{5}{2}} 20$

$\therefore\ 100 \times \frac{5}{2} = 250$

**43. (1)** प्रश्नानुसार

xy = 141

xy = 3 × 47 (y > x)

y = 47, x = 3

अब

y – 5x = 47 – 5 × 3

= 32

**44. (2)** $A = P\left[1 + \frac{r}{100}\right]^{nt}$

$2200 + 3836.8 = 2200\left[1 + \frac{r}{200}\right]^3$

$6036.8 = 2200\left[\frac{200 + r}{200}\right]^3$

⇒ 21952000 = $(200 + r)^3$

⇒ $(280)^3 = (200 + r)^3$

r = 80%

**45. (4)** $d = \frac{s_1 \times s_2}{s_1 - s_2} \times (t_2 - t_1)$

$d = \frac{80 \times 30}{50} \times \frac{20}{60} = 16$

$s = \frac{d}{t} \Rightarrow 80 = \frac{16}{\left(t - \frac{10}{60}\right)}$

$\Rightarrow\ t = \frac{11}{30}$

$\therefore\ s = \frac{d}{t} \Rightarrow s = \frac{16}{11} \times 30$

$= \frac{480}{11}$

**46. (1)** अनिल+करण — 20 → 5

करण+हिमांशु – 25 → 4 → 100 (कुल कार्य)

हिमांशु+अनिल – 50 → 2

(अनिल+करण+हिमांशु)की कार्य क्षमता

$= \frac{5 + 4 + 2}{2} = 5.5$

हिमांशु की कार्यक्षमता =5.5–5= 0.5

हिमांशु द्वारा लिया गया समय = $\frac{100}{0.5}$

= 200 दिन

**47. (1)** माना धनराशि = P

$\frac{P \times 9 \times 11}{100} - \frac{P \times 8 \times 11}{100} = 132$

$\frac{99P - 88P}{100} = 132$

11P = 13200

P = 1200

**48. (4)** प्रश्नानुसार,

$5 + 8 = (13)^2 = 169$ — 87880

↓ 1 — 520

$25 + 64 = 89$

⇒ 169 – 89

⇒ 80 × 520

⇒ 41600

**49. (1)** माना अंकित मूल्य = $x$

$x \times \frac{70}{100} \times \frac{80}{100} = 4964$

$x = 7879.36$

**50. (4)** विकल्प की सहायता से

**51. (3)** 84 — 3 × 4 × 7

126 — 2 × 9 × 7

168 — 4 × 6 × 7

HCF — 2 × 3 × 7 = 42

**52. (1)** प्रश्नानुसार

20 × 25 = 500

20 × 27 = 540 } 40+15=55 वर्ष

**53. (4)** प्रश्नानुसार

$\frac{40 - 30}{40} \times 100 = 25\%$

**54. (1)** विक्रय मूल्य = $2700 \times \frac{90}{100}$

= 2430

**55. (4)** प्रश्नानुसार

$\Rightarrow x \times \frac{50}{100} \times \frac{50}{100} \times \frac{50}{100}$

= 75000

⇒ $x$ = 600000

**56. (3)** क्रयमूल्य = CP

$4400 = CP \times \frac{80}{100}$

CP = 5500

**57 (4)** 404 ÷ 2 – 1008 ÷ 4 + 5 × 5

⇒ 202 – 252 + 25

⇒ 202 – 227 = –25

**58. (1)** प्रश्नानुसार

$\frac{T \times 90}{100\%} = \frac{T \times x}{20\%}$

$x$ = 18 दिन

**59. (3)** प्रारंभिक कुल आयु,

22 पुरुषों की औसत आयु 58 वर्ष है।

22 × 58 = 1276 वर्ष

नई औसत आयु = 58 – 2 = 56

नई कुल आयु = 22 × 56 = 1232

कुल आयु में कमी = 1276 – 1232

= 44

नए पुरुषों की कुल आयु = 116 – 44 = 72

औसत आयु = $\frac{72}{2}$ = 36

**60. (2)** y का हिस्सा = $\frac{12}{33} \times 9900$

= 3600

## PART (D) : अंग्रेजी

**61. (2) I have spent a good bit of my career arguing for the virtues of solitude.**

Correct spellings are : **Solitude** (एकांत), Career, **Virtues** : Moral qualities or traits that are considered good or desirable in a person, such as honesty, kindness, and courage. (गुण) and **Arguing** (बहस करना)

**62. (3) frequent floods**

"frequently" (अक्सर) is an adverb that modifies a verb, whereas "flood" (बाढ़) is used as a noun.

So, use "frequent" (नियमित) an adjective to modify the noun "floods" (बाढ़ें)

**63. (1) rain continues**

**Structure**: If + present simple, will + base form of verb

**64. (2)** The idiom "to sit at someone's feet" means to regard someone as a teacher or mentor and to show respect by being their student or follower. (किसी के शिष्य के रूप में सेवा करना).

**65. (2) Turn a deaf ear**: means to ignore someone or something intentionally, as it describes how everyone has disregarded the speaker's plea (सभी ने मेरी प्रार्थना की अनसुनी कर दी)

Twist my arm: means to persuade someone to do something they don't want to do (किसी को मजबूर करना)

Let the cat out of the bag: This means to reveal a secret (गुप्त बात को बताना)

Spill the beans: This also means to reveal secrets (गुप्त बात को बताना)

**66. (4)** Causing (**कारण बनाना**): refers to people who are creating or generating trouble in the neighborhood.

**Pouring** : usually refers to liquids, not trouble.

**Sinking (डूबना)**

**67. (3)** "**impetuous**" means acting quickly and without thought or care, often in a reckless manner ((अविचारपूर्ण, त्वरित), while **Cautious**: means careful to avoid potential problems or dangers (सावधान, सतर्क)

Eager: This means having a strong desire or interest (उत्सुक, इच्छुक)

Restive: This means unable to keep still or silent, becoming increasingly difficult to control (असंतुष्ट, बेचैन)

Fierce: This means having or displaying an intense or ferocious aggressiveness (दृढ़, जुझारू),

**68. (3)** Here, 'smarter' is comparative degree, the correct phrase should be "she is the smartest of all" because "smartest" is the superlative form, which is appropriate when comparing one person to a group.

**69. (4) Even rebel chieftains of the**

**"Even though"**: is used to express that something is surprising or unexpected in light of another fact

so, Simply using **"even"** without **"though"** (as in "Even rebel chieftains of the Marathas and Sikhs recognized the Mughal emperor...") emphasizes the idea that even these groups recognized the emperor, without implying any contradiction or surprise.

**70. (1)** "Followed" (अनुसरण करना) means to obey or act according to someone's command, similarly **Obeyed**: means to comply with or follow the commands (आज्ञा का पालन करना).

**Claimed**: To assert or demand recognition (दावा करना).

**Transgressed**: To violate a rule or law (उल्लंघन करना).

**Disobliged**: To refuse to accommodate or help (अवज्ञा करना).

**71. (4)** The correct form should be **"what you say,"** because "says" is the third-person singular form of the verb, and it should be "say" when referring to "you."

**72. (3) Slumbered**

which is the simple past tense of the verb "slumber." It indicates that the action of sleeping occurred in the past while the train was rolling on.

**73. (4)** The correct phrase should be "ready to try" instead of "readily to try." The word "readily" (सहजता से) is an adverb and does not fit the structure, as "is" should be

followed by an adjective ("ready" - तैयार).

**74. (2)** The correct spelling is "Application", which means a practical use of something.

**Innocuous (निर्दोष)** : harmless or not likely to irritate.

**Function (कार्य)** : refers to the purpose or role of something.

**75. (1)** **gone**:: Indicates someone is absent or missing. चला गया (किसी का मौजूद न होना)

"My brother has gone missing" suggests that the brother was last seen but has not returned or cannot be located.

**moved**:: Refers to changing one's location or position. (किसी स्थान से दूसरे स्थान पर गया)

**76. (1)** Inseparable (अलग न होने वाला) : Unable to be separated; very closely connected, Like, Sudama and Krishna shared a deep bond that made them inseparable friends.

Invalid (अमान्य) : Not valid or acceptable.

Insignificant (महत्वहीन) : Not important or worthy of notice.

Irrevocable (अपरिवर्तनीय) : Not able to be changed or reversed.

**77. (2)** On (पर) : Used to indicate a particular time or date, "on their auspicious day of Friendship" is correct as it specifies a particular day.

Over (ऊपर) : Above or higher than something.

In (में) : Used to indicate location or time within something.

At (पर) : Used to indicate a specific point in time or space.

**78. (4)** leave (did + v1 form)

**79. (3)** "kept thinking of him" indicates that Sudama continuously remembered and contemplated Krishna. This reflects the deep emotional connection they shared, suggesting that Krishna was always on Sudama's mind.

**80. (2)** Touching (स्पर्श करना) : Evok strong feelings of sympathy, gratitude, or tenderness. The incident was so touching that it remained unforgettable.

Collective (सामूहिक) : Relating to a group

Tormenting (यातना देना) : Causing great suffering

Grueling (कठिन) : Extremely tiring and demanding

## PART (D) : हिन्दी

**61. (1)** विकल्प (1) में 'उपय्रुक्त' गलत है। सही शब्द 'उपर्युक्त' होगा।

**62. (1)** 'विस्तर' सार्थक शब्द है।

**63. (1)** 'मजा किरकरा होना' मुहावरे का अर्थ है– 'आनन्द में विघ्न पडना'।

**64. (1)** वंश का अन्य पर्यायवाची शब्द निम्नालिखित है- कुल, खानदान, जाति, गोत्र, नस्ल, इत्यादि।

**65. (1)** प्रश्न का समाधान नही होता है। समाधान समस्या का किया जाता है। जबकि प्रश्न का उत्तर दिया जाता है।

**66. (3)** यहाँ पर 'अचानक' शब्द के समान अर्थ देने वाला शब्द 'आकस्मिक' होगा।

**67. (1)** अंधेरा का तत्सम अंधकार होता है।

**68. (4)**

| शब्द | | विलोम |
|---|---|---|
| बड़ा | – | छोटा |
| शासित | – | अशासित |
| विशालकाय | – | लघुकाय |
| विपद | – | संपद |

**69. (2)**

**70. (4)**

| शब्द | | विलोम |
|---|---|---|
| तानाशाह | – | लोकशाह |
| राजा | – | रंक या रानी |

**71. (1)** सही वर्तनी होगा– नि:संदेह, या निस्संदेह।

**72. (2)** 'आतंक के पर्यायवाची शब्द निम्नलिखित है- संत्रास, अतिभय, दहशत, होहल्ला, उपद्रव, हुड़दंग, इत्यादि।

**73. (3)** रिक्त स्थान को भरने के लिए सही भाववाचक संज्ञा 'थकावट' है जो वाक्य को सार्थक करेगा।

**74. (2)** विकल्प (2) का सही वाक्य होगा कि, 'देश, स्वामी दयानंद' यानि, देश स्वामी दयानंद का अभारी रहेगा क्योंकि उन्होने देश के लिए बहुत कुछ किया है।

**75. (3)** हुक्का भरना हिन्दी का मुहावरा है। जब कोई व्यक्ति किसी की सही हो या गलत बात पर भी सहमत हो या चापलूसी करे उसके लिए 'हुक्का भरना' शब्द का प्रयोग किया जाता है।